कोरोना वायरस की वजह से देश में पहले जनप्रतिनिधि की मौत, मृतक डीएमके विधायक

उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा- शून्य कारोबार करने वाले अब केवल एसएमएस से दाखिल कर सकेंगे रिर्टन, बिहार के 70 हजार कारोबारी होंगे लाभान्वित

जिलाधिकारी ने दिया मनरेगा में शीघ्र कार्य योजना बनाकर कोरोना के कारण बाहर से आए 75 हजार श्रमिकों को रोजगार देने का निर्देश

गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार के गौरवशाली अतीत को स्मरण करते हुए कहा कि भारत का स्वर्णिम अध्याय लिखने वाला पावन धरा बिहार ही है


युवराज न्यूज़ टुडे आपकी आवाज

NEWS TODAY Update

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 09+10 तिथि : 10 जून 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अस्थाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## कोरोना वायरस की वजह से देश में पहले जनप्रतिनिधि की मौत, मृतक डीएमके विधायक



बिग ब्रेकिंग




डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

कोरोना वायरस की वजह से देश में पहले नेता, जनप्रतिनिधि की मौत का मामला सामने आया है। बुधवार की सुबह चेन्नई में इस जानलेवा वायरस से एक एमएलए की मौत हो गई। मृतक नेता डीएमके विधायक है जिसका चेन्नई के एक निजी अस्पताल में ईलाज चल रहा था। जानकारी के अनुसार डीएमके के विधायक जे. अंबाजगन पिछले एक हफ्ते से बीमार थे। जांच में उनमें कोरोना की पुष्टि हुई थी। उन्हें चेन्नई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार सुबह करीब 7 बजे उनका निधन हो गया।

विधायक अंबाजगन चेन्नई पश्चिम जिले में डीएमके सेक्रेटरी भी थे। कोरोना वायरस से किसी जन–प्रतिनिधि की मौत का ये देश में पहला मामला है। मंगलवार को सांस लेने में दिक्कत और जुकाम–बुखार की शिकायत के बाद अंबाजगन का कोरोना टेस्ट किया गया था, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। 61 साल के अंबाजगन को किडनी से जुड़ी बीमारी और हई शुगर भी था।

विदित हो कि महाराष्ट्र के बाद देश में सबसे ज्यादा कोरोना वायरस संक्रमण वाला राज्य तमिलनाडु है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी ने विधायक की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि हमें उम्मीद है कि संक्रमण के प्रसार पर हम काबू पा लेंगे।

## पुलिस मुख्यालय ने आरक्षी अधीक्षकों को अनुसंधान की गति में तेजी लाते हुए अपराधियों को दबोचने का दिया निर्देश



सम्राट, संवाददाता




बिहार में अचानक बढ़ी अपराध दर को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मुख्यालय ने आरक्षी अधीक्षकों को अनुसंधान की गति में तेजी लाते हुए अपराधियों को दबोचने का निर्देश दिया है।मुख्यालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि हाल ही में गंगा दियारे का दुर्दांत व 50 हजार के इंनामी दिनेश मुनि को जिस तरह से पुलिस ने मार गिराया वह काबिल – ए– तारीफ है। मुख्यालय ने आरक्षी अधीक्षकों को चेतावनी के साथ सलाह दी है कि वे आसूचना तंत्र को मजबूत करें ताकि अपराधियों को कानून का एहसास होता रहे। पत्र में कहा गया है कि पुरानी रंजिशों वाले लोगों को चिन्हित करते हुए उन पर नजर रखें। हाल के दिनों में पुरानी रंजिश में हत्या की घटनाओं में वृद्वि हुई है।
इस संबंध में उल्लेखनीय है कि एसटीएफ ने एक महिला दारोगा को उस कुख्यात को ठिकाने लगाने का जिम्मा दिया गया था। उक्त अधिकारी एक घास गढ़ने वाली का वेष धारण कर दियारे में रोज टोकरी–हंसुआ के साथ पहुंच जाती थी। किसी को उस पर शक नहीं होता था। एक दिन जब उसे कमजोर अवस्था में गैंग के साथ देखी वैसे ही एसटीएफ को मोबाईल से रिंग कर पोजीशन ले ली। दोनों ओर से कई राउंड की धुआंध ाार गोलियां चली। अंत में वह मारा गया।
उक्त घटना की चर्चा करते हुए पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि अपराधियों को पकड़ने का वही सूत्र काम में लाना चाहिए। पूर्वी बिहार में अचानक बढ़े अपराध को गंभीरता से लेते हुए मुख्यालय ने कहा है कि वहां भूमि विवाद से जुड़े मामले अधिक हैं। अतः उन पर पैनी नजर रखते हुए उसके समाधान की दिशा में कदम बढ़ाएं।






युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरु होगी।

निर्माता:9471005272


## गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार के गौरवशाली अतीत को स्मरण करते हुए कहा कि भारत का स्वर्णिम अध्याय लिखने वाला पावन धरा बिहार ही है



सियासी गहमा-गहमी




ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

बिहार जनसंवाद कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं कोरोना महामारी से उत्पन चुनौतियों में केंद्र एवं राज्य सरकार के जनहित के कार्यों की चर्चा करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार के गौरवशाली अतीत को स्मरण करते हुए कहा कि भारत का स्वर्णिम अध्याय लिखने वाला पावन धरा बिहार ही है।

बिहार ने दिया देश को खूबसूरत तोहफा

बिहार ने सर्वप्रथम विदेशी आक्रमण को ध्वस्त कर ब्रम्हदेश से गांधार तक अखंड भारत का समृद्धशाली राज्य स्थापित किया । दुनिया को प्रथम लोकतंत्र भी बिहार ने दिया। इसके साथ ही प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद ,जेपी एवं श्री बाबू के योगदान अविस्मरणीय है।जब देश मे आपात काल थोपा गया तब जेपी के नेतृत्व में सम्पूर्णक्रन्ति की उद्घोषणा बिहार ने किया।

बिहार में असीम संभावनाएं

उन्होंने कहा कि अब बिहार में लालटेन युग के जगह एलईडी युग,लूट एंड ऑर्डर युग की जगह लॉ एंड ऑर्डर युग आगया है। बिहार में असीम संभावनाएं हैं और केंद्र की मोदी सरकार ने तय किया है कि बिहार का हर क्षेत्र में विकास होगा और इसके लिए हर प्रकार से लोगों को सहायता दी जा रही है।

बिहार सरकार अपने राज्य वासियों के हर जरूरत के साथ खड़ी

वहीं बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी जी ने कहा कि केंद्र सरकार बिहार को सभी प्रकार से सहयोग कर रही है एवं बिहार सरकार अपने राज्य वासियों के हर जरूरत के साथ खड़ी है सभी को अनाज एवं पैसे पहुँचा रही है।

## अनलॉक 1 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहली बार सीएम आवास से बाहर निकलकर शाम में कैबिनेट की बैठक में भाग लेकर कुल 25 एजेंडों पर लगाई मुहर



अनलॉकडाउन 1.0




आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए पिछले तीन महीने के लॉकडाउन के बाद आज अनलॉक 1 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहली बार सीएम आवास से बाहर निकले। मुख्यमंत्री ने आज शाम में कैबिनेट की बैठक बुलाई थी। गौरतलब है कि इससे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोरोना वायरस के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही कैबिनेट की बैठक करते आये हैं । लेकिन आज पहली दफे लॉकडाउन में थोड़ी छूट मिलने के बाद एक साथ सभी मंत्रिमंडल की बैठक करने का काम उन्होंने किया।

प्रवासी मजदूरों को रोजगार देने के लिए बड़ा फैसला

इस कैबिनेट की बैठक में कुल 25 एजेंडों पर मुहर लगी है। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण में अप्रवासी मजदूरों को रोजगार देने के लिए बड़ा फैसला लिया गया है। इसमें कहा गया है कि 5 एकड़ तक के जलाशयों का मनरेगा के तहत जीर्णोद्धार होगा।

जन्म रजिस्ट्रेशन का लेट फी माफ करने का एलान

नीतीश कैबिनेट में 25 में से 14 ऐसे एजेंडा पर मुहर लगाई गई है। जिससे पिछले कई सालों से सेवा से अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टर याकूब सांगा को बर्खास्त कर दिया गया है।सरकार ने 11 डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।इसके साथ ही जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रेशन नियमावली में संशोधन भी किया गया है।मालूम हो कि इसके लिए 1999 के नियम 9 और 10 में बदलाव किया गया है। इसके तहत जन्म रजिस्ट्रेशन का लेट फी माफ करने का एलान किया गया।


Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा- शून्य कारोबार करने वाले अब केवल एसएमएस से दाखिल कर सकेंगे रिर्टन, बिहार के 70 हजार कारोबारी होंगे लाभान्वित



सम्राट, संवाददाता




उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बताया कि लॉकडाउन के कारण जीएसटी के अन्तर्गत शून्य करदेयता वाले कारोबारियों को केन्द्र सरकार ने बड़ी राहत दी है। जीएसटी कॉउन्सिल ने शून्य करदेयता वालों के लिए मासिक विवरणी दाखिल करने की बाध्यता खत्म करते हुए उन्हें अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर से एसएमएस के जरिए रिटर्न दाखिल करने की सहूलियत दी है। बिहार में कुल करदाताओं की संख्या 4.32 लाख हैं जिनमें पिछले साल 70 हजार ने शून्य रिटर्न दाखिल किया था, जिन्हें इसका लाभ मिलेगा। वैसे, बिहार के 89 प्रतिशत करदाताओं से जीएसटी का कुल 11 प्रतिशत और 20 फीसदी बड़े करदाताओं से कर 89 प्रतिशत प्राप्त होता है।

सुशील मोदी ने कहा कि पहले हरेक करदाता को अगर उनकी करदेयता शून्य है तब भी उन्हें मासिक विवरणी दाखिल करने के लिए जीएसटीएन (GSTN) के पोर्टल पर लॉगिन कर प्रत्येक माह जीएसटीआर–3बी (GSTR&3B) फार्म के अनेक कॉलम को भरना होता था। लेकिन अब वे अपने निबंधित मोबाइल से 14409 पर एसएमएस करेंगे तो उन्हें एक ओटीपी (One Time Password) प्राप्त होगा, जिसे कन्फर्म करने पर उनकी विवरणी दाखिल समझी जाएगी।

कम्पोजिशन स्कीम में शामिल करदाताओं के अतिरिक्त हर करदाता को जीएसटीएन पोर्टल पर जीएसटीआर–3बी फार्म भरना अनिवार्य है, जिसके आधार पर वे कर का भुगतान करते हैं। अगर वे निर्धारित तिथि तक कर का भुगतान नहीं करते हैं तो उन्हें 50 रु. प्रतिदिन तथा शून्य करदेयता की स्थिति में भी 20 रु. प्रतिदिन की दर से दंड का भुगतान करना होता है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में ऐसे व्यापारी भी हैं, जिन्होंने निबंधन तो करा लिया परंतु उनकी कोई करदेयता नहीं है, फिर भी उन्हें विवरणी दाखिल करनी पड़ी हैं।

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार से एसएमएस के जरिए रिटर्न दाखिल करने की दी गई सुविधा से शून्य करदेयता वाले सभी कारोबारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# पीएम ने कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ कर कई सेक्टरों को किया मजबूत : प्रमोद



सम्राट, संवाददाता




केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने पर भाजपा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत प्रयोग आज मंत्री,कला,संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार प्रमोद कुमार ने मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र के अधीन बरदाहा पंचायत के सरैया गाँव, बरदाहा हनुमानगढ़ कॉलोनी, आदि स्थानों पर जन. संपर्क किया।जनसंपर्क के दौरान श्री कुमार ने उपस्थित लोगों को प्रध ।ानमंत्री द्वारा विगत एक वर्ष में जो जनकल्याणकारी और विकास कार्य हुए हैं के सम्बंध में बताया।

श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के गरीब कल्याणकारी योजना के तहत 1. 70 लाख करोड़ का राहत पैकेज की घोषणा,80 करोड़ गरीबों को पांच किलो अनाज, प्रति परिवार एक किलो मुक्त दाल ,जनधन खाता में 20 लाख करोड़ , तीन माह तक पांच सौ की राशि भेजना के तहत मजदूरों के 13.62 करोड़ परिवारों को रोजगार से जोड़ने, 30 हजार करोड़ से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों, गरीब विधवाओं और गरीब दिव्यांगों को एक हजार की अनुग्रह राशि देना, पीएम किसान योजना के तहत 8.7 करोड़ किसानों को अप्रैल तक दो हजार की राशि भेजने के साथ श्रमिक को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने, कृषि, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण सेक्टरों के लिए कृषि और संरचनाओं को मजबूत करेने की क्षमता निर्माण आदि कई सेक्टरों में जो काम किया है वह ऐतिहासिक है।

मौके पर मंडल अध्यक्ष वीरबहादुर प्रसाद, माननीय मुखिया राम बाबू सहनी, मंडल प्रभारी मदन मोहन सिंह, महेश साहनी, पांचू सहनी, हरे कृष्ण दास, सहित कई लोग उपस्थित थे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।







# बिहार भाजपा ने आज व्यापार प्रकोष्ठ के सभी जिला संयोजकों के नामों का एलान किया



रिंकू गिरी, संवाददाता





आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक पार्टियां अपने–अपने स्तर से विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन कर रही है। इसी क्रम में बिहार भाजपा ने आज व्यापार प्रकोष्ठ के सभी जिला संयोजकों के नामों का एलान किया है।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता ने सभी जिला संयोजकों की घोषणा करते हुए कहा कि आशा करता हूँ कि राष्ट्र सेवा में पार्टी द्वारा निर्देशित सभी कार्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

जिला संयोजकों की सूची www.newstodayupdate.in पर देखिए।

कोरोना संकट के बीच बिहार की सभी मुख्य पार्टियों के द्वारा संभावित विधानसभा चुनाव को लेकर अनौपचारिक शुरुआत हो गई है।

# धन्वन्तरि पुरस्कार अलंकृत विश्व आयुर्वेद परिषद के संरक्षक डा० पी०बी०ए०बेंकटाचार्य का निधन



विकाश शर्मा, संवाददाता




धन्वन्तरि पुरस्कार अलंकृत विश्व आयुर्वेद परिषद के संरक्षक डा. पी.बी.ए. बेंकटाचार्य का निधन हो गया। वे संगठन के प्रखर स्तंभ, दक्षिण भारत में आयुर्वेद के गुरुत्वाकर्षण व्यक्तित्व के चिकिसक थे।आज हम सभी को छोड़कर गोलोकवासी हो गये ।

डा. बेंकटाचार्य आयुर्वेद परिवार के अभिभावक तुल्य थे। स्व. वेंकटाचार्य जी के जाने से विश्व आयुर्वेद परिषद ने आज एक अभिभावक खो दिया। उनका अकस्मात यूँ निधन आयुर्वेद एवं विश्व आयुर्वेद परिषद् की अपूरणीय क्षति है।

इस दु:ख के क्षण में मुजफ्फरपुर जिला अध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार सिंह, सचिव डॉ. सुरेश कुमार साह, मीडिया प्रभारी डॉ. विकास कुमार शर्मा एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के सभी चिकिसक सदस्यों ने शोक व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय जनता दल का पांच सदस्यीय कमेटी मेहसी में घटित मो. इजराइल के ऊपर के मोबलीचिंग की घटना का विस्तृत जानकारी प्राप्त किया



संतोष राऊत, न्यूज टुडे,




राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव के द्वारा गठित पांच सदस्यीय कमेटी का मेहसी में घटित मो. इजराइल के ऊपर के मोबलीचिंग की घटना का विस्तृत जानकारी के लिए मेहसी का दौरा किया गया।

इस घटना का विस्तृत जानकारी प्राप्त कर गठित कमिटी जिला राजद अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव को सौंपा गया। साथ ही गठित कमिटी ने प्रशासन द्वारा यह मांग करती है कि घटना के सात दिन होने के बावजूद एफआईआर में नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की गई।

उन्होंने कहा कि यदि यथाशीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो जिला राष्ट्रीय जनता दल लोकडाउन के बाद चरणबद्ध आंदोलन करेगी। इस कमेटी में नगर राजद अध्यक्ष ईमाद खान उर्फ लाल बाबू खान, जिला राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शाहिद अख्तर, राजद मीडिया प्रभारी जावेद अहमद, मेहसी प्रभारी सुरेश प्रसाद यादव एवं मोहम्मद रईस नूरी मौजूद थे।










# जिलाधिकारी ने दिया मनरेगा में शीघ्र कार्य योजना बनाकर कोरोना के कारण बाहर से आए 75 हजार श्रमिकों को रोजगार देने का निर्देश

अच्छी पहल



आशीष राज, स्थानीय संपादक,




समाहरणालय स्थित राधाकृष्णन भवन में जिलाधिकारी एसके अशोक की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने मनरेगा में शीघ्र कार्य योजना बनाकर कोरोना के कारण बाहर से आए 75 हजार श्रमिकों को रोजगार देने का निर्देश दिया। साथ हीं कृषि विभाग की संचालित योजना में पच्चीस हजार श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाय। इस दौरान नल जल योजना सहित अन्य विभाग के कार्यों की डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों से जानकारी ली।

मौके पर सहायक समाहर्ता समीर सौरभ, डीडीसी अखिलेश कुमार सिंह, अपर समाहर्ता शशि शेखर चौधरी, सिविल सर्जन रिजवान अहमद, जिला कृषि पदाधिकारी ओंकारनाथ सिंह समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

सैंतालीस हजार श्रमिको की सेवा प्राप्त की जा रही

मनरेगा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं में लगभग सैंतालीस हजार श्रमिको की सेवा प्राप्त की जा रही है। वहीं उद्यानपरियोजना निदेशक,आत्मा को सभी प्रखंड में कृषि विभाग द्वारा संचालित रोजगार परक योजनाओ संबंधी प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

संचालित योजनाओ के क्रियान्वयन क्रम में कम से कम पचास प्रतिशत श्रमिको को संलग्न करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने,पथ निर्माण विभाग संचालित कार्यों में कम से कम तीन सौ श्रमिको की सेवा प्राप्ति का निर्देश दिया गया है । जबकि शिक्षा विभाग को क्रियान्वित अतिरिक्त वर्ग निर्माण कार्य में अधिकाधिक श्रमिको को संलग्न करने के निर्देश दिए।

बैंक उपलब्ध कराए मुद्रा लोन

डीएम ने बैंक एलडीएम को आगंतुक श्रमिको को विधिसम्मत प्रावधानों के तहत मुद्रा लोन उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।वहीं अन्य तकनीकी विभागों की संचालित योजनाओ में अधि ाकाधिक आगुंतक श्रमिकों की सेवा प्राप्ति का निर्देश दिया।पंचायती राज विभाग को संचालित नल जल योजना व गली नली पक्कीकरण योजना में श्रमिको हेतु रोजगार का अवसर सृजित करने का निर्देश दिया है। कहा कि संबंधित विभागों को प्रतिदिन अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830